## एक नजर

### मारबल की दुकान का ताला तोड़कर सामान चोरी

**उचाना/नरेंद्र जेठी**-बाइपास रोड पर स्थित गैस एजेंसी के पास सालासर मारबल दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने दुकान मालिक विनित कंदौला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।विनित ने बताया कि हर रोज की तरह अपनी दुकान को सही प्रकार से बंद करके घर गए थे। सुबह जब दुकान पर आए तो दुकान का शटर टूटा हुआ मिला। दुकान के अंदर जाकर देखा तो दुकान का सामान बिखरा हुआ था। जो पीतल की टोंटी थी वो सभी ले गए। जो डिब्बे थे टोंटियों के वो खाली दुकान में छोड़ गए। बैगों में टोंटी भरकर चोर ले गए। खेतों के रास्ते दीवार फांद कर चोर गए है। चोरों के आते-जाते की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है। चोर करीब साढ़े पांच से छह लाख रुपए का सामान चोरी कर ले गए।



### मकान का टूटा ताला, सोना व चांदी के जेवर चोरी

**उचाना/नरेन्द्र जेठी**-लोधर गांव में चोरों ने मकान से सोना, चांदी के जेवरात चोरी करने पर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नीलम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसके घर से चोरों ने उसके घर से सोना, चांदी के जेवरातों को चोरी कर लिया। पुलिस ने नीलम की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### भाजपा ने कोई वायदा नहीं किया पूरा : जयप्रकाश



**उचाना/नरेंद्र जेठी**-हिसार लोकसभा से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित स्टॉफ नर्स शकुंतला के बेटे की शादी में पहुंचे। जयप्रकाश ने कहा कि भाजपा सरकार ने 100 दिनों में जो जनता से वायदे किए थे उनमें से कोई वायदा पूरा नहीं किया है। प्रदेश में निरंतर अपराध बढ़ रहा है। बेरोजगारी की दर भी निरंतर बढ़ती जा रही है। अपनी जमीन बेच कर युवाओं को विदेशों में जाना पड़ रहा है। सरकार को चाहिए कि प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था प्रदेश में की जाए ताकि युवाओं को विदेशों में रोजगार को लेकर न जाना पड़े। इस मौके पर कृष्ण मोर पालवां, वीरेंद्र प्रधान, राकेश खटकड़, रामदत्त शर्मा मौजूद रहे।

### जल संरक्षण की प्राचीन पद्धतियों को जानने हेतु किया भ्रमण




**नरवाना, (नरेंद्र जेठी)**-आरोही स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2025 के कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण विषय पर प्राचीन जल संरक्षण पद्धतियों को जानने हेतु महम की ऐतिहासिक बावड़ी का भ्रमण किया। इस भ्रमण पर विद्यालय के जीव विज्ञान प्राध्यापक विकाश गर्ग भी बच्चों के साथ उपस्थित रहे और बावड़ी के बारे में तथा बावड़ी में जल संरक्षण कैसे होता है विषय पर विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया। रोहतक से करीब 30 किमी दूर महम में यह बावड़ी स्थित है। माना जाता है कि इस बावड़ी का निर्माण शाहजहां ने करवाया था। बावड़ी का निर्माण आस-पास के समुदाय के लिए पानी के स्रोत के रूप में किया गया था और इसका उपयोग पीने, सिंचाई और अन्य दैनिक कार्यों के लिए किया जाता था। इस बावड़ी में स्थित कुएं का पानी पाकिस्तान तथा दिल्ली तक जाता था। पुरातत्व विभाग के अनुसार भूलभुलैया के रूप में करीब 150 सीढ़ियां यहाँ हैं जिनसे नीचे उतरकर कुएं तक पहुंचा जाता है। इस बावड़ी में विद्यार्थियों ने बने हुए कमरों तथा आसपास की जगह को भी देखा। विद्यार्थियों को इस भ्रमण से जल संरक्षण की प्राचीन पद्धतियों में से एक बावड़ी के बारे में बहुत कुछ जानने को मिला।

### सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में एनएसएस शिविर

**नरवाना, (नरेंद्र जेठी)** - सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों यूनिटों के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने की। इस एक दिवसीय शिविर में एन एस एस स्वयं सेविकाओं को धारा 370 पर बनी शिक्षाप्रद मूवी कश्मीर फाईल दिखाई गई। कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्राओं ने स्वयं रचित देश भक्ति कविताएं सुनाई, गाने गाए, चुटकुले सुनाए, अपनी-अपनी रुचिया बताई। जो छात्राएं एनआईसी कैंप में भाग लेकर आई थी उन्होंने अपने अनुभव सांझा किए। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मधु शर्मा और मूर्ति जागलान ने स्वयं सेविकाओं को जागरूक किया। प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने भी स्वयं सेविकाओं को हर गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा एनएसएस के महत्व के बारे में बताया।

### आंगनवाड़ी वर्कर एवं हैल्पर यूनियन करेगी प्रदर्शन



**कुरुक्षेत्र/दुग्गल।** भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन रजि. ने यूनियन की प्रदेश सचिव व जिला प्रधान कलावती की अगुवाई में बैठक कर अपनी मांगें पूरी न किए जाने के विरोध में 20 फरवरी को प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। यूनियन की प्रदेश सचिव व जिला प्रधान कलावती ने कहा कि कई बार सरकार व विभाग के उच्चाधिकारियों को मांग पत्र व नोटिस भेजा था, लेकिन उन नोटिसों पर विभाग का कोई सकारात्मक रख सामने नहीं आया जिसके चलते विरोध प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों पर 20 फरवरी को सभी आंगनबाड़ी व वर्कर प्रदर्शन करेगी। यदि उसके बाद भी विभाग ने उनकी मांगें नहीं मानी तो यूनियन प्रदेशव्यापी आंदोलन चलाने से भी गुरेज नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी वर्करों पर नित नए आनलाइन काम सौंपे जा रहे हैं, लेकिन काम के हिसाब से संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा आंगनबाड़ी वर्करों को आनलाइन काम करने के लिए जो मोबाइल दिए गए हैं, उनकी गुणवत्ता खराब है और वे आनलाइन काम करने में सक्षम नहीं हैं।

# एचएसजीएमसी का हाऊस पूरा न होने तक पुरानी कार्यकारिणी ही संभालेगी सेवा : ज. असंध

## मैंबर नामजद करने के लिए कानून न होने की वजह से आ रही समस्या : ज. दादूवाल

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

**कुरुक्षेत्र/दुग्गल।** नवनिर्वाचित हाऊस पूरा न होने व मैंबर साहिबान द्वारा शपथ लेने तक हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की पुरानी कार्यकारिणी ही सेवा संभाल करेगी। गुरुद्वारा साहिबान का प्रबंध सुचारु ढंग से चलाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। शनिवार को हरियाणा कमेटी के कुरुक्षेत्र हैड ऑफिस में संस्था के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने इस बाबत जानकारी दी। उन्होंने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया कि जब तक हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी का हाऊस पूरा करने के लिए 9 मैंबर नामजद नहीं किए जाते और मैंबर साहिबान शपथ नहीं ग्रहण कर लेते, तब तक पुरानी कार्यकारिणी ही सेवा संभाल करेगी। उन्होंने बताया कि इस बारे में गुरुद्वारा चुनाव आयोग के चेयरमैन जस्टिस एचएस भल्ला ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने पुरानी कार्यकारिणी समिति एवं मैंबर साहिबान से सेवा संभाल करने की अपील की। उन्होंने हरियाणा सरकार से मैंबर नामजद करने के लिए जल्द से जल्द कानून बनाने की भी अपील की। इस दौरान उनके साथ धर्म प्रचार चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल व महासचिव सुखविंदर सिंह मंडेबर भी मौजूद रहे। जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर में मैंबर नामजद करने के लिए वर्ग का कोई जिक्र नहीं है, लेकिन हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के एक्ट के अनुसार नामजद किए जाने वाले मैंबर साहिबान में कैटेगरी रखी गई है। हालांकि इसके लिए कानून नहीं बना है। इसके अनुसार दो मैंबर जरनल वर्ग, दो महिलाएं, हरियाणा सरकार के पास पंजीकृत सिंघ सभाओं से दो और तीन मैंबर एससी व बीसी वर्ग से चुने जाने हैं। उनके मुताबिक मैंबर नामजद करने के लिए कानून बनाने के लिए अब हॉऊस पूरा करने में समस्या आ रही है। इसलिए जब तब मैंबर नामजद करने के लिए सरकार द्वारा कानून नहीं बनाया जाता और नवनिर्वाचित मैंबर साहिबान शपथ ग्रहण नहीं कर लेते, तब तक पुरानी कार्यकारिणी ही सेवा संभाल करेगी।



भूपिंदर सिंह असंध व बलजीत सिंह दादूवाल बातचीत करते हुए।

# जनता स्कूल के विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार अभ्यास



उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

**कुरुक्षेत्र/दुग्गल।** जनता स्कूल के विद्यार्थियों को मंत्रो सहित सूर्य नमस्कार का अभ्यास हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य डा. मनीश कुकरेजा ने करवाया। छोटे व बड़े बच्चों ने बड़ी एकाग्रता से मन्त्रोच्चारण सहित सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। जनता स्कूल की प्रधानाचार्या राज बाला के निर्देशन में तथा स्टाफ सदस्यों मांगे राम, ज्ञान चंद, सलिंद्र सिंह, निर्मल व अंकुर ने कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से करवाने में अपना सक्रिय सहयोग दिया। हरियाणा योग आयोग, योग को घर घर तक पहुंचाने तथा बाल्यकाल से ही बच्चों को योग की विधा में पारंगत करने हेतु कृत संकल्पित है। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य, वाइस चेयरमैन डा. रोशन लाल व सभी सदस्य इसी भावना से ओतप्रोत होकर लक्ष्य प्राप्त करने का अथक प्रयास कर रहे हैं। मुख्य वक्ता डा. मनीश कुकरेजा को विद्यालय के शीर्ष शिक्षकों ने सम्मानित किया। सभी विद्यार्थियों ने प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने का दृढ़ संकल्प भी लिया।




# पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

**कुरुक्षेत्र/दुग्गल।** नैशनल सर्विस स्कीम और नेशनल कैडेट कोर एनआईटी कुरुक्षेत्र द्वारा ब्लैक डे का आयोजन ओल्ड एडमिन बिल्डिंग के सामने किया गया, जिसमें 2019 पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में 250 छात्रों ने भाग लिया, जो देशभक्ति और स्मरण के प्रतीक के रूप में एकजुट हुए। समारोह की शुरूआत एक औपचारिक संबोधन से हुई, जिसके बाद 40 सीआरपीएफ जवानों की शहादत को नमन करते हुए मौन रखा गया। मुख्य अतिथि प्रो. दीक्षित गर्ग, डीन आफ स्टूडेंट्स वेलफेयर ने अपने संबोधन में हमारे वीर सैनिकों को याद करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अपने भाषण में भारतीय सशस्त्र बलों के समर्पण और बलिदान को रेखांकित किया, जिससे छात्रों को सेवा और देशभक्ति के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिव्यांशी गोराई और ईशा गहलावत, संयुक्त सचिव अभिषेक शर्मा और दिव्यम राज और अतिरिक्त सचिव अभिषेक कौशिक ने किया।

# नगर पालिका चुनाव के लिए शनिवार को प्राप्त हुए 29 नामांकन पत्र

## वार्ड पार्षद के लिए 24 व प्रधान पद के लिए आए 5 नामांकन पत्र

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

**सिवानी मंडी/मनोहर लाल असीजा**- स्थानीय रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम विरेन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार को नगर पालिका वार्ड पार्षद के लिए 24 तथा प्रधान पद के लिए 5 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं जिसमें पुजा, पुजा रानी , अन्नु लोहिया तथा वन्दना, व तरन्नुम केडिया ने प्रधान पद के लिए आवेदन किया। वहीं वार्ड पार्षद के लिए वार्ड नं 14 में एक , वार्ड नंबर 3 में एक, वार्ड नंबर 8 में दो, वार्ड नंबर 2 में पांच , वार्ड नंबर 16 में दो, वार्ड नंबर 11 में दो , वार्ड नंबर 1 में दो, वार्ड नंबर 9 में एक, वार्ड नंबर 4 में तीन , वार्ड नंबर 10 में तीन तथा वार्ड नंबर 7 में दो नामांकन पत्र हुए हैं। बता दें कि शुक्रवार को भी 6 उ मीदवारों ने वार्ड पार्षद के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। अब तक वार्ड पार्षद व प्रधान पद के लिए कुल 35 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं रिटर्निंग अधिकारी ने आगे बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिका चुनाव के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी सोमवार तक सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक नामांकन दाखिल करवा सकेंगे। रविवार को अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच का कार्य किया जाएगा। नगर पालिका चुनाव के लिए नामांकन पत्र आवेदन करने वाले प्रत्याशी 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से सांय 03 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं, वहीं 19 फरवरी को दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशियों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी।



रिटर्निंग अधिकारी विरेन्द्र सिंह को नामांकन पत्र देते उम्मीदवार।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करवाया

**रादौर/जसवंत**- कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिन्दल की ओर से शनिवार को गांव सिली खुर्द व गांव धानपुरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करवाया गया। मोबाइल मेडिकल युनिट में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श व जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत की है। दोनों गांवों में 88 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई व 23 लोगों के रक्त एवं यूरिन के टेस्ट भी किए गए। उन्होंने बताया कि इन मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से लोगों को खान-पान संबंधित जानकारी भी दी जाती है। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की तरफ से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार की सुविधाएं चलती रहेंगी।

# उप पुलिस अधीक्षक पिहोवा द्वारा विभिन्न गांवों का दौरा

## आपसी तालमेल हेतू मौजिज व्यक्तियों के साथ की बैठक

**पिहोवा/विनायक दत्त शर्मा** - पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के निर्देशानुसार व पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल अम्बाला छावनी शिबास कविराज के कुशल मार्गदर्शन में आमजन के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान के आमजन को नशा ना करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को उप पुलिस अधीक्षक पिहोवा निर्मल सिंह ने संधौला, संधौली व बिलौचपुरा गांवों का दौरा कर मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठकों का आयोजन किया। जिला पुलिस द्वारा जहां नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जा रही है और इसके साथ-साथ जिला कुरुक्षेत्र में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिकों विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्गदर्शन में डीएसपी पिहोवा ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत थाना सदर पिहोवा के विभिन्न गांवों का विशेष दौरा किया।

गांव के मौजिज व्यक्तियों से मिलकर गांव को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन व लोगों के सहयोग से गांव/कस्बों/मौहल्लों को नशा मुक्त करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत संधौला, संधौली व बिलौचपुरा को भी नशा मुक्त घोषित किया गया है। उप पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशामुक्त अभियान में सहयोग करने वाले सभी सरपंचों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान गांव के मौजिज व्यक्तियों ने उप पुलिस अधीक्षक को विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी हर प्रकार के नशे पर प्रतिबन्ध रहेगा व गांव के नौजवान युवकों को खेलकूद व शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि थानाधिकार क्षेत्रों में नशे की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें।



# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी के आरोपी दबोचे

**पिहोवा/विनायक दत्त शर्मा** - मनीष कुमार वासु धुराला ने पांच दिसंबर 2020 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि विचित्र सिंह वासी मांडी गुरुद्वारा में आता है। जिस कारण उसकी उसके व उसके परिवार के साथ काफी पुरानी जानकारी थी। विचित्र सिंह ने सितम्बर 2018 में उसकी भी मुलाकात गुरचरण सिंह व जरनैल सिंह से करवाई थी। उनके बीच विदेश स्पेन जाने के लिए 8 लाख रुपये में बात तय हुई थी जिसमें 4 लाख पहले तथा बाकी के रुपये विदेश पहुंचने के बाद देने बारे उनकी बात तय हो गई। उसके बाद उसने आरोपी को कागजात व तीन लाख रुपये नकद दे दिए। कुछ समय बाद आरोपी ने उसको अरमानिया भेज दिया व उससे 4 लाख 20 हजार रुपये ओर ले लिए। किसी तरह वह भारत वापस आया , वापस आने के बाद उसने आरोपी से रुपये वापस मांगे लेकिन उन्होंने उसको पैसे देने से मना कर दिया और उसको पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पर थाना झांसा में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक राजकुमार को सौंपी गई थी। दिनांक 13 जून 20 को थाना झांसा के उप निरीक्षक राजकुमार की टीम ने मामले की जांच करते हुए आरोपी में गुरमुख सिंह वासी तरावड़ी को गिरफ्तार कर लिया था।

**ICICI Home Finance** **कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

**शाखा कार्यालय:** एससीओ नं. 121, सैक्टर 17, प्रथम मंजिल, कमर्शियल बेल्ट, जगाधरी रोड, यमुनानगर-135003

**( नियम 8 ( 6 ) का परंतुक देखें )**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना**

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणदाता (ों)/ सह ऋणदाताओं/ग्रांटरों/ कानूनी वारिसों के नाम, ऋण खाता नं. | सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि | जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय | निलामी की तिथि एवं समय | नीलामी तिथि से एक दिन पहले | सरफेसी स्टेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) | (ज) | (झ) |
| 1. | इकबाल सिंह (ऋणदाता) नरिन्दर कौर (सह-ऋणदाता) Loan Account No. LHYGR 00001282681 | प्लॉट के पूर्वी हिस्से में खेवट नंबर 171, खतौनी नंबर शामिल है। 226, खसरा संख्या 43//9/ 3/2- 12/1 मौजे मुस्तफाबाद, तहसील सरस्वती नगर, जिला यमुना नगर, हरियाणा में स्थित है | रु. 50,55, 648/ 06, फरवरी 2025 | रु. 57,95, 793/- / रु. 5,79, 579/- | 11 मार्च 2025 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक | 18 मार्च 2025 को सायं 02:00बजे से सायं 03.00 बजे तक | 17 मार्च 2025 को सायं 05 बजे से पहले | भौतिक कब्जा |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link-https://assets.matexauctions.com) पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ताओं/नोटिस को 17 मार्च, 2025 को शाम 05:00 बजे से पहले आगे के ब्याज के साथ कुल बकाया राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को लेख के शीर्ष पर उल्लिखित आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, शाखा कार्यालय के पते पर बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) या 17 मार्च, 2025 को सांय 4:00 बजे से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति लेख के शीर्ष पर उल्लिखित आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, शाखा कार्यालय के पते पर 17 मार्च 2025 को सायं 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से 'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी के पक्ष में होना चाहिए तथा लेख के शीर्ष प उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com/** देखें

तिथि: फरवरी 16, 2025
स्थान: यमुनानगर

प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
CIN Number U65922MH1999PLC120106

### गाडियों, ट्रकों से लोहा स्क्रैप, तेल चोरी के आरोप में 2 गिरफ्तार

**पिहोवा/विनायक दत्त शर्मा** - बीते 14 फरवरी को अपराध अन्वेषण शाखा-वन के मुख्य सिपाही अनिरुद्ध, सहायक उप निरीक्षक गिरवर, सतविन्द्र सिंह व सिपाही विकास कुमार की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में बस स्टैण्ड पिहोवा पर मौजूद थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि प्रकाश ढाबा (शर्मा ढाबा) पर गाडियों/ ट्रकों से लोहा स्क्रैप, तेल और अन्य सामान चोरी से उतारा जाता है। सूचना पर पुलिस टीम पिहोवा पटियाला रोड पर गांव बोधनी में प्रकाश ढाबा (शर्मा ढाबा) पर पहुंची। जहां पर एक ट्रक चालक अपने ट्रक को ढाबा पर बैक लगाकर एक अन्य साथी के साथ ट्रक से लोहा स्क्रैप (लोहा की वजनदार पतियां और लोहे की गोल टुकडियां) उतार कर पीले रंग के कट्टों मे डालकर मुंह बाध कर रखते हुए पाए गए। पुलिस टीम द्वारा ट्रक ड्राईवर का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम भगवंत सिंह वासी माधपुर जिला लुधियाना पंजाब, दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम राजू पासवान वासी फफोत खोदावनपुर जिला बेगुसराय बिहार हाल वासी शर्मा ढाबा बोधनी बताया जो ढाबा पर मुनीम है।

# केयूके स्टार ने केयूके स्पार्टन को सैमीफाइनल में हराया



उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

**कुरुक्षेत्र/दुग्गल।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सैकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में खेले गए गैर-शिक्षक अनौपचारिक प्रतियोगिता के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केयूके स्पार्टन ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 162 रन का लक्ष्य विपक्षी टीम को दिया। मैच में कप्तान हरीश गैरोला ने 37 व शिव शर्मा ने 34 रन बनाए। केयूके स्टार की ओर से कपिल थापा ने 3, दीपक व जोनी वत्स ने 1-1 विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी केयूके स्टार की ओर से उपकप्तान शमशेर सिंह ने 27 गेंदों में 2 छक्के व 6 चौके लगाकर 55 रन की अहम पारी खेली। दूसरे बल्लेबाज जोनी वत्स ने भी साथ निभाते हुए 23 गेंदों में 1 छक्का व 2 चौके लगाकर 31 रन बनाकर मैच को आसान बना दिया। अमीर खान ने 18वें ओवर की अंतिम गेंद पर गगनचुम्बी छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। शानदार बल्लेबाजी के लिए शमशेर चौहान को मैन आफ द मैच का खिताब दिया गया। इस जीत के साथ केयूके स्टार इलेवन फाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गई है।

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

**ICICI Bank** **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, नई रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स हरियाणा स्टील ट्रेडिंग कंपनी/रितेश कुमार अग्रवाल/गगन अग्रवाल/ प्रीति अग्रवाल/ 016805501576 | पता-1: प्लॉट धारक नगर निगम आईडी नंबर 218सी117यू22, क्षेत्रफल 147.23 वर्ग गज, बिक्री विलेख संख्या 14981 दिनांक 08/02/2022 के अनुसार, काठमंडी में स्थित, रोहतक, हरियाणा पता- 2: प्लॉट धारक नगर निगम आईडी नंबर 218सी117यू22, माप क्षेत्र 37.77 वर्ग गज, काठमंडी में स्थित, रोहतक, हरियाणा, पता-3: प्लॉट धारक नगर निगम आईडी नंबर 218सी117यू22, माप क्षेत्र 320 वर्ग गज, काठमंडी, रोहतक, हरियाणा/ फरवरी 13, 2025 | अगस्त 03, 2024 रु. 1,53,75,241.00/- | रोहतक |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्जे की संपत्ति(याँ) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : फरवरी 15, 2025
स्थान : रोहतक

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए